जन संपर्क प्रकोष्ठ

जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग

*<u>एसीएस पीएचईडी की अध्यक्षता में हुई बैठक में स्वीकृति</u>*

# बाड़मेर जिले की 1042 बस्तियों में 120.61 करोड़ की लागत से लगेंगे आरओ प्लांट्स

## कोटपुतली शहरी जल प्रदाय योजना के लिए 9.9 करोड़ रूपए

जयपुर, 20 अक्टूबर। बाड़मेर जिले की चौहटन एवं गुडामालानी विधानसभा क्षेत्र के 7 ब्लॉक्स की 1042 बस्तियों में आरओ प्लांट लगाए जाएंगे। जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग द्वारा इसके लिए 120 करोड़ 61 लाख रूपए की स्वीकृति दी गई है। पानी की गुणवत्ता प्रभावित इन बस्तियों में 425 आरओ प्लांट्स लगेंगे ताकि आमजन को पीने योग्य पानी उपलब्ध कराया जा सके।

अतिरिक्त मुख्य सचिव जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी एवं भूजल डॉ. सुबोध अग्रवाल की अध्यक्षता में हुई राजस्थान जल प्रदाय एवं सीवरेज प्रबंधन मंडल (आरडब्ल्यूएसएसएमबी) की वित्त समिति की बैठक में इसकी मंजूरी दी गई। आरओ प्लांट्स की स्थापना मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत की बजट घोषणा 2022—23 में शामिल थी।

बैठक में  जयपुर जिले के कोटपुतली कस्बे में सुचारू पेयजल व्यवस्था के लिए 9.9 करोड़ रूपए की शहरी जल प्रदाय योजना को स्वीकृति दी गई है। इस शहरी जल प्रदाय योजना घोषणा मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत ने की थी। इसके तहत 13 ट्यूबवैल, दो उच्च जलाशय, दो स्वच्छ जलाशय, दो पंप हाउस एवं पाइप लाइन संबंधी कार्य होंगे।

### *<u>अलवर में टैंकरों से पेयजल आपूर्ति के लिए 1.67 करोड़</u>*

बैठक में अलवर शहर में पेयजल की विकट समस्या वाले क्षेत्रों में जरूरत के मुताबिक सितम्बर से मार्च माह तक टैंकरों के माध्यम से पेयजल आपूर्ति के लिए 71.18 लाख रूपए की वित्तीय एवं प्रशासनिक स्वीकृति दी गई। टैंकरों से पेयजल आपूर्ति जिला प्रशासन द्वारा समस्याग्रस्त क्षेत्रों में जरूरत के मुताबिक दी गई अनुमति के आधार पर होगी। अलवर जिले के राजगढ़ कस्बे में भी पेयजल समस्या से ग्रस्त क्षेत्रों में टैंकरों से पेयजल आपूर्ति के लिए 1 करोड़ 49 लाख 84 हजार रूपए की मंजूरी दी गई।

————————